माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट की बैठक
दिनांक 16.05.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक 11.05.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 16.05.2022 को माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट, ग्राम व पोस्ट कोटिया, तहसील मिल्कीपुर, जिला फैजाबाद के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष श्रीमती सियालली की अध्यक्षता में माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट के बैठक कक्ष में प्रातः 10.00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डाः-

1- प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2- पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3- अन्य विषय अध्यक्ष महोदया की अनुमति से।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1-	श्रीमती सियालली	अध्यक्ष	Sfan
2-	श्रीमती कुसुम	उपाध्यक्ष	Kusum
3-	श्री शैलेश तिवारी	प्रबन्धक	शैलेश तिवारी
4-	श्रीमती प्रियंका	उपप्रबन्धक	प्रियंका
5-	श्री शिव कुमार	कोषाध्यक्ष	शिवकुमार
6-	श्री राम सूरत	सदस्य	राम सूरत तिवारी
7-	श्री राम अचल	सदस्य	

गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदया ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः-

प्रस्ताव-1- प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही प्रबन्धक श्री शैलेश तिवारी ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

प्रस्ताव-2- श्रीमती कुसुम, उपाध्यक्ष ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिसके क्रम में समिति द्वारा हाईकोर्ट में रिट भी दाखिल की गयी है। अतः समिति द्वारा मौजा-कोटिया, परगना-खण्डासा, तहसील-मिल्कीपुर, जिला-फैजाबाद में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से मौजा-कोटिया, परगना-खण्डासा, तहसील-मिल्कीपुर, जिला-फैजाबाद में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक श्री शैलेश तिवारी को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे-भूमि, भवन, फर्नीचर, बेतन, आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक श्री शैलेश तिवारी को अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव-3- श्रीमती प्रियंका, उपप्रबन्धक ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी फार्मेसी इंस्टीट्यूट' (Maa Vaishno Devi Nakchhed Tiwari Pharmacy Institute) नाम प्रस्तावित किया।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम 'माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी फार्मेसी इंस्टीट्यूट' (Maa Vaishno Devi Nakchhed Tiwari Pharmacy Institute) रखने का समर्थन किया।

प्रस्ताव-4- श्री शिव कुमार, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा मौजा-कोटिया, परगना-खण्डासा, तहसील-मिल्कीपुर, जिला-फैजाबाद में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं.-2108 रकबा-0.201 हे., गाटा सं.-2108 रकबा-0.315 हे., गाटा सं.-2116क/3349 रकबा-0.126 हे. एवं गाटा सं.-2128 रकबा-0.227 हे. कुल रकबा-0.868 हेक्टेयर (2.145 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाय।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से मौजा-कोटिया, परगना-खण्डासा, तहसील-मिल्कीपुर, जिला-फैजाबाद में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं.-2108 रकबा-0.201 हे., गाटा सं.-2108 रकबा-0.315 हे., गाटा सं.-2116क/3349 रकबा-0.126 हे. एवं गाटा सं.-2128 रकबा-0.227 हे. कुल रकबा-0.868 हेक्टेयर (2.145 एकड़) को 'माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी फार्मेसी इंस्टीट्यूट' (Maa Vaishno Devi Nakchhed Tiwari Pharmacy Institute) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्धक श्री शैलेश तिवारी को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव-5- श्री राम सूरत, सदस्य ने प्रस्तावित 'माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी फार्मेसी इंस्टीट्यूट' (Maa Vaishno Devi Nakchhed Tiwari Pharmacy Institute) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के प्रबन्धक श्री शैलेश तिवारी को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रबन्धक श्री शैलेश तिवारी को प्रस्तावित 'माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी फार्मेसी इंस्टीट्यूट' (Maa Vaishno Devi Nakchhed Tiwari Pharmacy Institute) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदया ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदया के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित 'माँ वैष्णो देवी नकछेद तिवारी फार्मेसी इंस्टीट्यूट' (Maa Vaishno Devi Nakchhed Tiwari Pharmacy Institute) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदया को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

Kkumari शैलेशतिवारी प्रियंका शिवकुमार

राम सूरत तिवारी